K22U 0282

Reg. No. : ..............................

Name : ..................................

**VI Semester B.A. Degree (CBCSS – OBE – Regular) Examination, April 2022**
**(2019 Admission)**
**CORE COURSE IN HINDI**
**6B13HIN : आधुनिक एवं समकालीन हिंदी कविता – Adhunik Evam Samkalin Hindi Kavita**

Time : 3 Hours Max. Marks : 40

I. कम से कम **250** शब्दों में किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए। **(1×7=7)**

१) 'संध्या सुन्दरी' में अभिव्यक्तमानवीकरण पर विचार कीजिये।

२) 'नदी के द्वीप' – के प्रतीक विधान पर टिप्पणी कीजिये।

II. कम से कम **250** शब्दों में किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए। **(1×7=7)**

३) कविता 'नदी और साबुन' द्वारा कवि क्या सन्देश देना चाहते हैं ?

४) 'सखी वे मुझसे कहकर जाते' में यशोधरा की मानसिक व्यथा का वर्णन कीजिये।

III. कम से कम **125** शब्दों में किन्हीं **तीन** अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिये। **(3×3=9)**

५) कोयल का वह कोमल–बोल
मधुकर की वीणा अनमोल
कह, तब तेरे प्रिय–स्वर से कैसे भर लूं सजिनी श्रवण ?
भूल अभी से इस जग को !

६) पुलकित स्वप्नों की रोमावली
कर में ही स्मृतियों की अंजली
मलयानिल का चल दुकूल अलि !

७) और मेरी आँखें उन बहस करने वालों के
कपड़ों में छिपी हुई
सघन रहस्यमय लम्बी पूंछ देखती !!
और मैं सोचता हूँ ..
कैसे सत्य हैं–
ढांक रखना चाहते हैं बड़े-बड़े
नाखून !!

८) बीस साल बाद
मैं अपने आप से एक सवाल करता हूँ
जानवर बनने के लिए कितने सब्र की ज़रुरत होती है ?

P.T.O.



IV. कम से कम **125** शब्दों में किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **(3×3=9)**

९) 'अपना चेहरा' कविता में अभिव्यक्त संवेदना।

१०) कवि त्रिलोचन की कविता 'रोटी' में व्यक्त व्यंग्य पर विचार कीजिये।

११) 'चक्रवात' कविता द्वारा कवि क्या व्यक्त करना चाहते हैं ?

१२) 'नीम का पेड़' कविता के पेड़ के अनुभवों को उजागर कीजिये।

V. कम से कम **दो** वाक्यों में किन्हीं **आठ** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **(8×1=8)**

१३) 'रोशनी' कविता की संवेदना क्या है ?

१४) चार प्रगतिवादी कवियों के नाम लिखिए।

१५) 'द्विवेदी युगीन' कविता की विशेषताएँ क्या हैं ?

१६) कवि सक्सेना अपना चेहरा कहाँ देखना चाहते हैं ? क्यों ?

१७) ज्ञानेद्रपति की चार रचनाएँ।

१८) मुक्तिबोध की काव्य शैली।

१९) समकालीन कविता की विशेषताएँ।

२०) बीस साल बाद क्या हो जाता है ?

२१) 'पाताल से प्रार्थना' कविता की प्रासंगिकता।

२२) प्रगतिवाद क्या है ?